मोर मकान मोर आस के तहत 1250 लोगों के आवेदन प्राप्त, मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में सूची चस्पा, दावा आपत्ति के लिए 12 जनवरी 2023 तक का समय

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस के तहत 1250 आवेदन भिलाई निगम को प्राप्त हुए है। इन सभी की सूची निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दावा-आपत्ति का अंतिम समय 12 जनवरी 2023 निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1250 आवेदन जिसमें आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड फेस टू में 350, एनार स्टेट खमरिया में 12 अविनाश मेट्रोपोलिस में 49, सूर्य विहार खमरिया में 156, माइलस्टोन स्कूल के पास 190, ग्रीन वैली खमरिया में 61, सूर्य विहार खमरिया में 410 तथा कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज खमरिया में 20 आवेदन आवास के लिए प्राप्त हुए हैं। अब सूची चस्पा होने के बाद आवेदक इस सूची का अवलोकन कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि के भीतर दावा-आपत्ति कर सकते हैं।